# भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय
## शांति मार्ग श्यामला हिल्स भोपाल

Website: www.bsgmp.net_mail: bsgmadhypradesh@gmail.com, phone 2661263,fax:2737446

क्रमांक / 791 / रा.मु / लेखा / 2018 भोपाल दिनांक 16/5/2018

प्रति

1. **समस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का.गा.)**
   भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.
   संभागीय मुख्यालय .........................म.प्र.
2. **समस्त जिला संगठक / जिला सचिव / जिला कोषाध्यक्ष**
   भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.
   जिला संघ..........................म.प्र. ।

विषय :- शिविरो के आय-व्यय की केशबुक संधारित करने संबंधी।

----000----

संस्था के वार्षिक कार्यक्रम अनुसार सभी स्तरो संभाग एवं जिलों में वर्ष भर शिविरो का आयोजन होता रहता है। राज्य मुख्यालय के अंकेक्षण दल ने अंकेक्षण के दौरान प्रायः यह पाया है कि शिविरो के आयोजन पश्चात शिविर आय-व्यय का संधारण केशबुक में नही होता है, अपितु शिविर की बचत राशि एवं विशेष एवं विकास शुल्क की राशि मात्र केशबुक में इन्द्राज की जाती है। वह भी शिविर संचालक की सुविधानुसार जमा की जाती है।

अतएवं उपरोक्त के संबंध में निर्देशित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 से सभी स्तरो संभाग एवं जिलों में आयोजित शिविरो में प्राप्त राशि व व्यय का केशबुक में संधारण अनिवार्य रूप से किया जावें, तथा शिविर समाप्ति से 15 दिवस के अंदर, आय-व्यय अनिवार्यतः प्रस्तुत कर दिया जावें। अपरिहार्य स्थिति में यदि समय-सीमा बढाई है, तो राज्य सचिव की अनुमति प्राप्त की जाए। वर्तमान में संभागों में ए.एस.ओ.सी. व जिला स्तर पर जिला संगठन आयुक्त द्वारा संधारित केशबुक में आय-व्यय दर्ज किया जाए। प्रतिमाह आयोजित होने वाले शिविरो की जानकारी कितनी आय कितना व्यय, शेष राशि, विकास+विशेष शुल्क जमा की रसीद क्रमांक एवं दिनांक से अवगत करावें।

उपरोक्त निर्देशो का कडाई से पालन किया जावे, अन्यथा की स्थिति में म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के अतंर्गत होने वाली कार्यवाही के लिए आप स्वंय दोषी होगे।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.
भोपाल, दिनांक 16/5/2018

पृष्ठा.क्र. / 792 / रा.मु. / लेखा / 2018

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. राज्य कोषाध्यक्ष, भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र. राज्य मुख्यालय भोपाल।
2. राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल।
3. राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट / गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल।
4. लेखाधिकारी, रा0मु0 भोपाल की ओर भेजकर लेख है कि रा0मु0 भोपाल द्वारा आयोजित सभी शिविरो के आय-व्यय इन्द्राज पृथक केशबुक में संधारित करावें।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.